नामांक Roll No.

Sl.No. :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 11

**SS–29–Sociology**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2025

## समाजशास्त्र

## SOCIOLOGY

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक** 14 **से** 20 **में आंतरिक विकल्प है।**

In Question Nos. 14 to 20 each have internal choice.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** **बहुविकल्पीय प्रश्न (i से xviii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**
Choose the correct answer from multiple choice questions (i to xviii) and write in given answer book.

i) **एक देश के द्वारा दूसरे देश पर शासन माना जाता है –** **[1]**

अ) राष्ट्रवाद    ब) उपनिवेशवाद
स) संस्कृतिवाद    द) पूंजीवाद

The establishment of rule by one country to another country is known as -

A) Nationalism    B) Colonialism
C) Culturalism    D) Capitalism

ii) **कौनसी प्रक्रिया उपनिवेशवाद की शुरूआत से पहले से होती रही हैं?** **[1]**

अ) संस्कृतिकरण    ब) पश्चिमीकरण
स) लौकिकीकरण    द) आधुनिकीकरण

Which process had been happening since before the beginning of colonialism?

A) Sanskritisation    B) Westernisation
C) Secularisation    D) Modernisation

iii) **अकाल के कारण के रूप में 'हकदारी की पूर्ति का अभाव' शब्दावली का प्रयोग किसने किया?** **[1]**

अ) अमर्त्य सेन    ब) माल्थस
स) आशीष बोस    द) दुर्खीम

Who used the term 'Failure of entitlements' as a cause of famine?

A) Amartya Sen    B) Malthus
C) Ashish Bose    D) Durkheim

iv) **पूंजीवाद की प्रक्रिया में कौनसा शामिल नहीं है?** **[1]**

अ) तकनीकी    ब) नवाचार
स) श्रम का बेहतर उपयोग    द) गतिहीनता

Which is not included in the process of capitalism?

A) Technology    B) Innovation
C) Better use of labour    D) Immobility

v) सामाजिक बहिष्कार को समाप्त करने के लिए निम्नलिखित विकल्पो में से कौन–सा आवश्यक नहीं है? [1]

अ) उच्च जातियों का विरोध    ब) जागरूकता

स) संवेदनशीलता    द) परिवर्तन

In the following options which is not necessary to end social exclusion or boycott?

A) Opposition to upper castes    B) Awareness

C) Sensitivity    D) Change

vi) ऐसे बुजुर्ग और बच्चे किस वर्ग में आते हैं, जो काम नहीं कर सकते? [1]

अ) कार्यशील वर्ग    ब) पराश्रित वर्ग

स) पूंजीपति वर्ग    द) जनसंख्या संवृद्धि वर्ग

In which category do those elderly people and children fall into who cannot work?

A) Working class    B) Dependent class

C) Capitalist class    D) Population growth class

vii) मीडिया पर सेंसर व्यवस्था कब लागू की गई? [1]

अ) 1857    ब) 1875

स) 1957    द) 1975

When was censorship implemented on the media?

A) 1857    B) 1875

C) 1957    D) 1975

viii) किस समाज सुधारक ने आर्यों के आगमन से पूर्व के काल को अच्छा माना? [1]

अ) राजा राम मोहन राय    ब) सर सैयद अहमद खाँ

स) रमाबाई    द) ज्योतिबा फुले

The period before arrival of Aryans was considered good by which social reformer?

A) Raja Ram Mohan Roy    B) Sir Syed Ahmed Khan

C) Ramabai    D) Jyotiba Phule

ix) 'द रिमेम्बरड विलेज' किताब के लेखक हैं – [1]

अ) जी.एस. घुर्ये    ब) दीपांकर गुप्ता

स) एम.एन. श्रीनिवास    द) श्री नारायण गुरू

The author of book 'The remembered Village is -

A) G.S. Ghurye    B) Dipankar Gupta

C) M.N. Srinivas    D) Sri Narayana Guru

x) 'दरबार कुर' क्या है? [1]

अ) वन पंचायत

ब) न्याय पंचायत

स) खासी जनजाति की पारंपरिक वंश आधारित परिषद्

द) एक कर्मचारी हित समूह

What is the 'Durbar Kur'?

A) Van Panchayat

B) Nyaya Panchayat

C) Khasi tribe's traditional council based on clan

D) An employee interest group

xi) मद्रास प्रेसीडेंसी कौन–कौनसी भाषाएँ बोलने वाले लोगों से मिलकर बना था? [1]

अ) कन्नड़, कोंकणी, मराठी और गुजराती ब) तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम

स) मराठी, गुजराती, तमिल और तेलुगु द) कन्नड़, मलयालम, कोंकणी और गुजराती

Madras Presidency constituted by which languages speaking peoples?

A) Kannada, Konkani, Marathi and Gujarati

B) Tamil, Telugu, Kannada and Malayalam

C) Marathi, Gujarati, Tamil and Telugu

D) Kannada, Malayalam, Konkani and Gujarati

xii) किसान आंदोलनों से संबंधित कौनसा युग्म असुमेलित है? [1]

अ) बारदोली सत्याग्रह – 1905 ब) दक्कन विद्रोह – 1857

स) तिभागा आंदोलन – 1946 - 47 द) चंपारन सत्याग्रह – 1917 - 18

Which pair is mismatched related to peasant movements?

A) Bardoli Satyagraha - 1905 B) Deccan riots - 1857

C) Tebhaga movement - 1946 - 47 D) Champaran Satyagraha 1917 - 18

xiii) कानून इसलिए कानून है, क्योंकि – [1]

अ) इससे बल प्रयोग के माध्यमों का प्रयोग होता हैं।

ब) इसके पीछे राज्य की शक्ति निहित होती हैं।

स) कानून का सार इसकी शक्ति हैं।

द) उपर्युक्त सभी

Law is law because -

A) It carries the means of force use

B) The power of state is behind it

C) The essence of law is its force

D) All of these

xiv) नागरिक समाज में शामिल नहीं है – [1]

अ) सरकारी संगठन ब) गैर–सरकारी संगठन

स) राजनीतिक दल द) धार्मिक संगठन

Civil society does not include -

A) Governmental Organisations B) Non - Governmental Organisations

C) Political Parties D) Religious organisations

xv) अपनी किताब द वेल्थ ऑफ नेशन्स में बाजार की अर्थव्यवस्था को समझाने का प्रयास किसने किया? [1]

अ) मैक्स वेबर ब) मैलिनोवस्की

स) अल्फ्रेड गेल द) एडम स्मिथ

Who tried to explain market economy in his book 'The Wealth of Nations'?

A) Max Weber B) Malinowski

C) Alfred Gell D) Adam Smith

xvi) निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा सही सुमेलित है? [1]

अ) आर्य समाज – राजा राम मोहन राय ब) इनविजिबल मेन – गेल ऑमवेट

स) पूंजी के तीन स्वरूप – पियरे बोर्दयू द) स्त्री–पुरूष तुलना – बेगम रूकैया

Which is correctly matched in the following pairs?

A) Arya Samaj - Raja Ram Mohan Roy

B) Invisible man - Gail Omvedt

C) Three forms of capital - Pierre Bourdieu

D) Stree - Purush Tulana - Begum Rokeya

xvii) उदारीकरण की नीतियों में शामिल नही है – [1]

अ) आयात शुल्कों में कमी करना

ब) सरकारी विभागों का निजीकरण

स) पूंजी, श्रम और व्यापार में सरकारी दखल में वृद्धि करना

द) विदेशी कंपनियों को भारत में उद्योग स्थापित करने में सहूलियत देना

Liberlisation policies do not include -

A) Reduction in import duties

B) Privatisation of public sector enterprises

C) Increase government regulations on capital, labour and trade

D) Allowing easier access for foreign companies to setup industries in India

xviii) 73 वें संविधान संशोधन के सम्बन्ध में कौनसा असत्य है? [1]

अ) यह पूरे देश में 1973-74 से लागू हैं

ब) इसने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली का प्रावधान किया

स) इसने पंचायतों को संवैधानिक प्रस्थिति प्रदान की

द) इससे विकेन्द्रितशासन का परिचय मिलता हैं

Which is false regarding 73rd Constitutional Amendment?

A) It is effective in entire country since 1973-74

B) It prescribed a three-tier system of local self governance

C) It provided constitutional status to Panchayati Raj Institutions

D) It ushered to decentralised governance

**2)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

Fill in the blanks :-

i) 1901 में ................ के निर्देशन में कराई गई जनगणना विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण थी। [1]

The 1901 census under the direction of ______ was particularly important.

ii) खदान अधिनियम सन् ................ में बना। [1]

Mines Act was enacted in the year ______.

iii) ब्रिटिश उपनिवेशवाद ................ व्यवस्था पर आधारित था। [1]

British colonialism was based on ______ system.

iv) सन् ................ में अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम पारित किया गया। [1]

In the year _______ scheduled castes and scheduled tribes (Prevention of Atrocities) Act passed.

v) प्रिटिंग प्रेस तकनीक सर्वप्रथम ................ द्वारा सन् 1440 में विकसित की गई थी। [1]

Printing press technique was first developed by ______ in the year 1440.

vi) 1873 में जोतिराव गोविन्दराव फुले ने ................ समाज की स्थापना की। [1]

In 1873 Jotirao Govindrao Phule founded _______ samaj.

3) अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :–
Very Short Answer Questions :-
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए :–
Give the answer of following questions in one line :-

i) भूरिया समिति की रिपोर्ट किससे संबंधित हैं? **[1]**
Bhuriya Committee report is related with whom?

ii) किन दो फिल्मों में रेडियो को संचार के सक्रिय माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया? **[½+½=1]**
In which two films the radio was used as an active medium of communication?

iii) 'अनक्वाइट वुड्स' पुस्तक के लेखक कौन हैं? **[1]**
Who is the author of the book 'Unquiet Woods'?

iv) 'संरक्षण से शोषण' शब्द का प्रयोग किसने किया? **[1]**
Who used the word "Patronage to exploitation'?

v) औपनिवेशिक शासन में राष्ट्रवादी आंदोलन को समर्थन देने वाले दो राष्ट्रवादी समाचार पत्रों के नाम लिखिए। **[½+½=1]**
Write the names of two nationalist newspapers to led national movement.

vi) विश्व व्यापार संगठन का क्या उद्देश्य हैं? **[1]**
What is the purpose of World Trade Organisation.

vii) सूचना का अधिकार अभियान किस प्रकार के सामाजिक आंदोलन का उदाहरण हैं? **[1]**
Right to information campaign is the example of which type of social movement?

viii) लोकतंत्र का क्या अर्थ हैं? **[1]**
What is meant by democracy?

ix) सतनामी दलित आंदोलन का संबंध किस जाति और क्षेत्र से हैं? **[½+½=1]**
Satnami dalit movement is related to which caste and region?

x) मैक्स वेबर के अनुसार राज्य की परिभाषा क्या हैं? **[1]**
What is the definition of state according to Max Weber?

xi) राजनीतिक दल का एक उद्देश्य लिखिए। **[1]**
Write one purpose of Political Party.

xii) कार्ल मार्क्स ने 'अलगाव' किसे माना? **[1]**
What did Karl Marx consider as 'Alienation'?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न :–

Short Answer Questions :-

4) रोजगार के संगठित और असंगठित क्षेत्रों के मध्य दो अंतर लिखिए। [1+1=2]

Write two differences between organised and unorganised sectors of employment.

5) साप्ताहिक बाजार या हॉट के दो लाभों का उल्लेख कीजिए। [1+1=2]

Mention two benefits of weekly market or haat.

6) भारत को सांस्कृतिक विविधतापूर्ण देश क्यों माना जाता हैं? [2]

Why is India considered a culturally diverse country?

7) भूमिगत खानों और खुली खानों में कार्य करने वाले कामगारों को क्या–क्या समस्याएँ आ सकती हैं? [1+1=2]

What problems may workers face who working in underground mines and overground mines?

8) सामाजिक आंदोलनों का अध्ययन समाजशास्त्र के लिये महत्त्वपूर्ण है, क्यों? [2]

The study of social movements is important for sociology. Why?

9) मैक्स वेबर ने प्रतिष्ठा का प्रतीक किसे माना? एक उदाहरण दीजिए। [1+1=2]

What did Max Weber consider the status of symbol? Give an example.

10) ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में समुद्रतटीय नगरों की भूमिका क्यों महत्त्वपूर्ण थी? [2]

Why coastal cities had an important role in the economic system of British empires?

11) धर्मनिरपेक्षता से आप क्या समझते हैं? [2]

What do you understand by secularism?

12) भारत का राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम हमें क्या शिक्षा देता हैं? [2]

What does India's National Family welfare programme teach us?

13) ऐंडरसन राष्ट्र को एक 'काल्पनिक समुदाय' की तरह क्यों मानते हैं? [2]

Why Anderson think of the nation as an 'imagined community'?

## खण्ड – स
## SECTION - C

**दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न :–**

Long Answer Questions :-

**14)** **मजदूरों का संचार क्यों होता हैं? मजदूरों के बड़े पैमाने पर संचार से ग्रामीण समाज पर क्या प्रभाव पड़े हैं?** **[1½+1½=3]**

Why does labour circulation happen? What effects it had on rural society by large scale circulation of labour?

अथवा/OR

**कृषि के भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया के संदर्भ में 'संविदा कृषि' की प्रक्रिया को समझाइए।** **[3]**

Explain the process of 'Contract Farming' in the context of the process of globalisation of agriculture.

**15)** **भूस्थानीकरण क्या हैं? क्या यह बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा अपनाई गई बाजार संबंधी रणनीति हैं, अथवा वास्तव में कोई सांस्कृतिक संश्लेषण हो रहा है? समझाइए।** **[1½+1½=3]**

What is glocalisation? Is it simply a market strategy adopted by multinational companies or is genuine cultural synthesis taking place? Explain.

अथवा/OR

**'ज्ञानात्मक अर्थव्यवस्था' क्या हैं? सारगर्भित वर्णन कीजिए।** **[3]**

What is 'Knowledge Economy'? Briefly describe.

**16)** **'प्रबल जाति' किसे कहते हैं? प्रबल जातियों के कुछ उदाहरण दीजिए। समकालीन दौर में जाति व्यवस्था में हुए किसी एक परिवर्तन को लिखिए?** **[1+1+1=3]**

What is called 'Dominant Caste'? Give some examples of dominant castes? Write any one change in the caste system in the contemporary period?

अथवा/OR

**जनजातीय समुदाय के प्रमुख लक्षण क्या–क्या हैं? क्या जनजातियों को जाति आधारित कृषक समाज के एक सिरे का विस्तार माना जाए अथवा वे पूर्ण रूप से एक भिन्न प्रकार का समुदाय है, दोनों पक्षों के समर्थन में तर्क दीजिए?** **[2+1=3]**

What are the main elements of tribal community? Whether tribes should be seen as one end of a continuum with caste based peasant society or whether they were an altogether different kind of community, give arguments in support of both sides?

**17)** **भूमण्डलीकरण के संदर्भ में उपभोग की संस्कृति और निगम संस्कृति के प्रमुख बिन्दु क्या-क्या हैं? [1½+1½=3]**
What are the key points of culture of consumption and corporate culture in the context of globalisation?

अथवा/OR

**अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अर्थ भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में समझाइए। [3]**
Explain the meaning of liberlisation of the economy in the context of Indian economy?

## खण्ड – द
## SECTION - D

**निबंधात्मक प्रश्न (200 शब्द) :–**
Essay type questions (200 words) :-

**18)** **आधुनिकता की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। [4]**
Write main characteristics of modernity.

अथवा/OR

**जीवनशैली तथा भारतीय कला और साहित्य पर पश्चिमी संस्कृति के प्रभावों का उल्लेख कीजिए। [4]**
Mention the effects of western culture on lifestyle, Indian art and culture.

**19)** **'अन्यथा सक्षम' अवधारणा के लिए किन अन्य शब्दों का प्रयोग किया जाता हैं? अक्षमता के सामान्य लक्षण क्या-क्या हैं? [1+3=4]**
What other words are used for the concept of differently abled'? What are the common symptoms of disability?

अथवा/OR

**जातियों और जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए? क्या जाति एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था हैं? संक्षिप्त विश्लेषण कीजिए। [2+2=4]**
What are state initiatives addressing caste and tribes discrimination? Is caste a discriminatory system? Brief analysis.

**20)** **लोग नगरीय जीवन को किन सामाजिक-आर्थिक कारणों से पसंद करते हैं? विश्लेषण कीजिए। [4]**
For what social - economic reasons do people prefer urban life? Do analysis.

अथवा/OR

**जनसांख्यिकीय लाभांश और जनसंख्या संवृद्धि दर का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। [2+2=4]**
Briefly describe about demographic dividend and growth rate of population.

✈ ✈ ✈

DO NOT WRITE ANYTHING HERE